**न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी (अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट) बांसवाड़ा (राजस्थान)**
**पीठासीन अधिकारी – अभिषेक गोयल, RAS**

प्रकरण संख्या : 101/2024
रजिस्ट्रेशन नं. : 2024/119

राजस्थान राज्य जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी बॉसवाडा (राज)

बनाम

अभियुक्त :–

1. श्री गेबीलाल पुत्र श्री अमर जी कलाल निवासी राजपुत मौहल्ला, आनन्दपुरी, बांसवाडा (विक्रेता) मैसर्स गायत्री कोल्ड ड्रिंक्स, राजपुत मौहल्ला, कोबा रोड, आनन्दपुरी, बांसवाडा
2. श्री मुकेश केशवलाल देसाई पुत्र श्री केशवलाल देसाई निवासी भाग्योदय सोसायटी, गोविन्द नगर, दाहोद, गुजरात मैसर्स श्री कृष्णा स्वीट्स मार्ट, अपोजिट हेड पोस्ट ऑफिस, एम.जी रोड, दाहोद, गुजरात

## अपराध अन्तर्गत धारा 26 की उपधारा 2(ii) खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011

## निर्णय

दिनांक 16–12–2024

संक्षेप में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि **श्री उम्मेद मल टेलर** खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बॉसवाडा (राज.) के द्वारा दिनांक **11–11–2024** को यह प्रकरण इस आशय का पेश किया गया कि दिनांक **12–03–2024** को दौराने गश्त 2.30 पी.एम. बजे बाहैसियत खाद्य सुरक्षा अधिकारी खाद्य पदार्थो की जाँच हेतु **मैसर्स गायत्री कोल्ड ड्रिंक्स, राजपुत मौहल्ला, कोबा रोड, आनन्दपुरी, बांसवाडा** पर पहुंचा तो वहाँ पर **श्री गेबीलाल पुत्र श्री अमर जी कलाल** मिले। **विक्रेता की उपस्थिति में मैसर्स गायत्री कोल्ड ड्रिंक्स, राजपुत मौहल्ला, कोबा रोड, आनन्दपुरी, बांसवाडा** का निरीक्षण करने पर परिसर में **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स) 6 पैकेट प्रत्येक पैकेट 500 विक्रय हेतु रखा था।** जिसको एफ.एस.एस.ए. 2006 के तहत देखने पर मानक स्तर का नही होने का शक हुआ। शक होने पर विक्रेता को गवाहान की उपस्थिति में फार्म नं.5ए पर सूचना देते हुए **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स) के 4 पैकेट** वास्ते नमुना जॉच हेतु खरीदा तथा इनकी कीमत **560/– रु.** विक्रेता को नगद चुका कर रसीद प्राप्त की। जिस पर विक्रेता तथा गवाहान के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। नमुना जॉच हेतु खरीदशुदा **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा**

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.04.01 10:44:08 IST
Reason: SelfAttested

**स्वीट्स) के 4 पैकेट के चार नमूना भाग तैयार कर प्रत्येक भाग** पर तैयार किये गये लेबल, जिस पर डी.ओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बॉसवाडा का कोड क्रमांक **W-1751** प्रत्येक नमूना भाग पर चिपकाकर प्रत्येक नमूना भाग को धागे से बांध कर नियमानुसार सील चपडी व सील बंद किया गया। प्रत्येक नमूना भाग पर मालिक एवं गवाह के हस्ताक्षर करवाये। सील बंद नमूनो पर गवाहो के हस्ताक्षर कराकर नमूने का सम्पूर्ण विवरण लिखकर हस्ताक्षर कर चारो नमूना भागो को अपने जाप्ते में लिया। आवेदक खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर मौका फर्द रिर्पोट तैयार कर विक्रेता एवं गवाहान को पढकर, सुनाकर, हस्ताक्षर करने को कहा, जिन्होने स्वयं ने भी पढकर, सुनकर, समझकर एवं सही मानकर हस्ताक्षर किये स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये।

कार्यालय पहुचकर फार्म नंबर 6 की प्रतियाँ तैयार की प्रत्येक पर सील मोहर कर एक नमूना मय फार्म न. 6 की एक प्रति आउटर कवर में चपडी से सील मोहर कर, दो फार्म न. 6 की प्रति अलग से एक लिफाफा में बन्द कर, चपडी से सील मोहर कर दो सीलबन्द नमूना तथा शेष नमूने का चौथा भाग मय फार्म नं. 6 की प्रतिया आउटर कवर में चपडी से सील बन्द कर, सील मोहर कर अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा एवं खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा को जमा करवाया।

अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए / 2024 / 189 दिनांक 18–04–2024 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 324 दिनांक 21–03–2024 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1751** Contains extraneous matter + Contravences of Regulation 3(1) (i) of food safety and standerds act 2006 पाया गया। जिसकी सूचना विक्रेता / मालिक को दी गई। विक्रेता ने नमूने की पुनः जाँच हेतु कोई आवेदन प्रस्तुत नही किया है। **मैसर्स गायत्री कोल्ड ड्रिंक्स, राजपुत मौहल्ला, कोबा रोड, आनन्दपुरी, बांसवाडा** को पत्र लिखकर फर्म से सम्बन्धित सूचना चाहने एवं अन्य फर्म से अग्रिम माल खरीद बिल की सूचना देने के लिये पत्र लिखने पर विक्रेता ने **श्री कृष्णा स्वीट्स मार्ट, अपोजिट हेड पोस्ट ऑफिस, एम.जी रोड, दाहोद, गुजरात** विक्रेता द्वारा **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स)** का खरीद बिल एवं अनज्ञा पत्र प्रस्तुत किया। विक्रेता द्वारा

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.04.01 10:14:08 IST
Reason: SelfAttested

Contains extraneous matter + Contravences of Regulation **पाया खाद्य पदार्थ प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स)** विक्रय कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन किया है जिस पर उक्त अधिनियम की धारा 54 एवं 58 के अन्तर्गत जुर्माने से दण्डित करने निवेदन किया।

प्रकरण दिनांक 12—11—2024 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर आरोपीगणो को जरिये समन तलब किया गया।

दिनांक 02—12—2024 को अप्रार्थी सं. 1 की ओर से मोहम्मद शमीम अधिवक्ता का अभिभाषक पत्र पेश हुआ। अप्रार्थी सं. 1 एवं अप्रार्थी सं. 2 के प्रतिनिधि ने उपस्थित होकर जुर्म स्वीकरोक्ति प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने पर लगे आरोप स्वीकार कर नरमी का रुख अपनाते हुए लोक अदालत की भावना निस्तारण हेतु निवेदन किया। आरोपीगणो की ओर से अपराध स्वीकार कर लिया गया है अतः किसी अन्य साक्ष्य की आवश्यकता प्रतित नही होती है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया एवं उस पर मनन किया। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकि. एवं स्वा. अधिकारी, बॉसवाडा के पत्रांक एफ.एस.एस.ए / 2024 / 189 दिनांक 18—04—2024 एव खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला बॉसवाडा से प्राप्त जांच रिपोर्ट क्रमांक 324 दिनांक 21—03—2024 अनुसार विक्रेता से वास्ते नमूना जांच हेतु क्रय किया गया **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स)** का नमुना कोड क्रमांक **W-1751** Contains extraneous matter + Contravences of Regulation 3(1) (i) of food safety and standerds act 2006 पाया गया है। इस कारण प्रकरण का अंतिम निस्तारण किया जाना हम उचित समझते है।

अतः खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 3(1) (i) के तहत Contains extraneous matter + Contravences of Regulation पाया गया **प्रिमियम सेव (श्री कृष्णा स्वीट्स)** को विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 व नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2(ii) का उल्लंघन होना पाया गया। जिसका जुर्माना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम—2006 की धारा 54, 58 में निर्धारित है। अतः आरोपीगणो को दोष सिद्ध घोषित किया जाकर अप्रार्थी **श्री गेबीलाल पुत्र श्री अमर जी कलाल निवासी राजपुत मौहल्ला, आनन्दपुरी, बांसवाडा (विक्रेता) मैसर्स गायत्री कोल्ड ड्रिंक्स, राजपुत मौहल्ला, कोबा रोड, आनन्दपुरी, बांसवाडा को रूपये 5000/— (अक्षरे पॉच हजार रुपया मात्र), श्री मुकेश केशवलाल देसाई पुत्र श्री केशवलाल देसाई निवासी भाग्योदय सोसायटी, गोविन्द नगर, दाहोद, गुजरात मैसर्स श्री कृष्णा स्वीट्स मार्ट, अपोजिट हेड पोस्ट**

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.04.01 10:14:08 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति.जिला कलक्टर)
बांसवाड़ा (राज.)

**ऑफिस, एम.जी रोड, दाहोद, गुजरात को रूपये 100000/– (अक्षरे एक लाख रुपया मात्र) से दण्डित कर** खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियम 2011 के 3.1.2 के बिन्दू संख्या 3 में उल्लेखित आय मद 0210–चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य, 04–लोक स्वास्थ्य, 800–अन्य प्राप्तियां, (03)–खाद्य सुरक्षा कानून के अन्तर्गत अनुज्ञा–पत्र शुल्क आदि में उक्त जुर्माना राशि तीन दिवस में राजकोष में जमा कराकर चालान की प्रति इस न्यायालय में पेश करने आदेश जारी किये।

निर्णय आज दिनांक 16–12–2024 खुले न्यायालय सुनाया गया।

(अभिषेक गोयल)
न्याय निर्णयन अधिकारी
(अति0 जिला मजिस्ट्रेट)
बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified
Digitally signed by Abhishek Goyal
Date: 2025.04.01 10:14:08 IST
Reason: SelfAttested